>

Title: Need to provide adequate quantity of urea and ammonium sulphate fertilizers to farmers in Bihar.

श्री बैद्यनाथ प्रसाद महतो (बाल्मीकिनगर): बिहार में यूरिया एवं अमोनियम सल्फेट खाद की भारी कमी है जिसके कारण बिहार के किसानों के सामने हाहाकार मचा हुआ है। बिहार को अभी तुरन्त दो लाख चालीस हजार मीट्रिक टन यूरिया खाद की सख्त जरूरत है।

दूसरी ओर अमोनियम सल्फेट बिहार को विगत दो वर्षो से देना बंद कर दिया गया है, जबकि उत्तर प्रदेश एवं प0 बंगाल को अमोनियम सल्फेट खाद नियमित रूप से दिया जा रहा है। बिहार के किसानों को अमोनियम सल्फेट उक्त दोनों राज्योंसे मंगाकर अपना काम चला रहे हैं, जो खरीद में महंगा पड़ता है।

अतः मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए सीधे बिहार को यूरिया एवं अमोनियम सल्फेट उर्वरक खाद की आवश्यकता के अनुसार शीघ्र भेजने की कार्रवाई करें।